**Metro News**

**07.04.2024**


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नई दुनिया | इंदौर | 07.04.2024 | I | इंदौर की कमर मे मेट्रो ट्रैक की करधनी | Positive |

इंदौर, रविवार, 07 अप्रैल, 2024

नईदुनिया सिटी

# इंदौर

Pg-I



## इंदौर की कमर में मेट्रो ट्रैक की करधनी

इंदौर अगरचे इक नगरिया है, तो मेट्रो का यह ट्रैक उस नगरिया की कमर में पहनी करधनी-सी है। दरअसल, शहर के एक बड़े हिस्से में मेट्रो ट्रैक का स्ट्रक्चर इतना कुछ बन गया है कि शहरी बसाहट के बीचोंबीच इसकी शानदार और स्पष्ट उपस्थिति दिखाई देती है। यह चित्र रेडिसन चौराहा का है, जहां रोबोट चौराहा की ओर से आता ट्रैक एक घुमाव लेता है और विजयनगर चौराहा की ओर होते हुए बापट चौराहा होते हुए लव-कुश चौराहा की ओर चला जाता है। इस रूट पर ट्रैक का काम काफी-कुछ हो चुका। यहां से गुजरने वाले शहरवासी अपनी बाइक पर टंगे या कार में बैठे-बैठे इस ट्रैक को बड़ी हसरतों से निहारते हैं। वे जानते हैं कि जल्द ही यह ट्रैक आपरेशनल होगा और इस पर दौड़ेगी इंदौरवासियों के सपनों की मेट्रो। किंतु अभी इसके लिए थोड़ी और प्रतीक्षा करनी होगी।

●राजू पवार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | पत्रिका | इंदौर | 07.04.2024 | 05 | ये इंदौर मेट्रो है.. | Positive |

पत्रिका {सिटी बुक} CITY BOOK
पत्रिका इंदौर, रविवार 07 अप्रेल 2024 SUNDAY 05
patrika.com

## फोटो स्टोरी ये इंदौर मेट्रो है... एक और बोगी का हुआ आगमन, काम को मिली रफ्तार



**इंदौर.** शहर के मेट्रो प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहे हैं। शनिवार को गांधी नगर डीपो पर मेट्रो की 5वीं बोगी पहुंची। इससे पहले चार बोगी आ चुकी हैं। दूसरी ओर, शहर में निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। संभावना है कि इसी साल मेट्रो शहर में दौड़ने लगेगी।

**Metro News**
**09.04.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पत्रिका | इंदौर | 09.04.2024 | II | रफ्तार को तैयार हमारी मेट्रो का ट्रैक | Positive |


इंदौर प्राइम INDOREPRIME
पत्रिका patrika.com
इंदौर, मंगलवार 09 अप्रैल 2024 II


पहली बार पत्रिका में देखें मेट्रो ट्रैक का विहंगम नजारा

# रफ्तार को तैयार हमारी मेट्रो का ट्रैक


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**इंदौर.** गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर होते हुए मेट्रो ट्रेन का ट्रैक विजय नगर और रिंग रोड होते हुए शहीद पार्क तक तैयार हो गया है। सुपर कॉरिडोर के काफी हिस्से में पटरी बिछाई जा चुकी है। पहले चरण के 6.3 किमी हिस्से में आने वाले स्टेशन लगभग तैयार हो हैं। उसके आगे के हिस्से में ट्रैक के साथ स्टेशन भी आकार ले रहे हैं। अब शहीद पार्क से ट्रैंजर आइलैंड के बीच बनने वाले एलिवेटेड ट्रैक का काम भी शुरू हो गया है। ठेकेदार कंपनी ने पिलर बनाने की तैयारी कर ली है। मेट्रो कंपनी की योजना अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद ट्रेजर आइलैंड से बड़ा गणपति तक अंडर ग्राउंड ट्रैक का ठेका दिया जा सकेगा।

- **31** किलोमीटर का होगा रेलवे ट्रैक
- **28** स्टेशन प्रस्तावित हैं पूरे ट्रैक पर
- **21** स्टेशन पर एलिवेटेड होंगे
- **07** स्टेशन होंगे अंडरग्राउंड



MPMETRO

**MP METRO NEWS**

**11 APRIL 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Dainik Bhaskar | Indore | 11.04.2024 | 09 | मेट्रो का सिक्योरिटी सिस्टम: एआई से पता करें कब, कहाँ कितनी भीड़... उसी हिसाब से स्टेशनों पर तैनात होगा फ़ोर्स, प्रस्ताव गृह विभाग को भेजने की तैयारी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 11-04-2024 Pg-09

# मेट्रो का सिक्युरिटी सिस्टम : एआई से पता करेंगे कब, कहां, कितनी भीड़... उसी हिसाब से स्टेशनों पर तैनात होगा फोर्स, प्रस्ताव गृह विभाग को भेजने की तैयारी

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

इंदौर-भोपाल मेट्रो रेल कंपनी ने अपने लिए पुख्ता सिक्युरिटी सिस्टम तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। दिल्ली-मुंबई समेत अन्य मेट्रो कंपनियों की तर्ज पर इंदौर-भोपाल में भी सीआईएसएफ, स्टेट पुलिस और निजी सुरक्षा एजेंसियों की सेवाएं ली जाएंगी। इसी साल सितंबर में भोपाल का प्रायोरिटी कॉरिडोर शुरू करने की योजना है। ये कॉरिडोर शुरू होने के बाद मेट्रो स्टेशन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर क्राउड ट्रेंड परखा जाएगा। यानी सीसीटीवी कैमरों की मदद से पता चल जाएगा कि किस तरह की भीड़, किस समय में और कितनी संख्या में मेट्रो स्टेशन या ट्रेन में सफर कर रही है। इसके बाद ही सुरक्षा के लिए जरूरी बल तैनात किया जाएगा।

**दिल्ली-मुंबई के अनुसार के होगी व्यवस्था :** मेट्रो रेल कंपनी इस बारे में प्रस्ताव तैयार कर मप्र गृह विभाग को भेज रही है। यहां से स्टेट पुलिस, सुरक्षा एजेंसी समेत जरूरी प्रक्रिया पूरी की जाएंगी। एमडी मेट्रो रेल कंपनी सीबी चक्रवर्ती के मुताबिक मेट्रो रेल व परिसर की सुरक्षा दिल्ली-मुंबई में लागू व्यवस्था के अनुसार ही की जाएगी।

**शासन की है मेट्रो सुरक्षा की जिम्मेदारी :** साल 2019 में बनी मेट्रो रेल कंपनी में मप्र और केंद्र सरकार का हिस्सा 50-50% है। दोनों सरकारों के बीच हुए करार के तहत मप्र में मेट्रो रेल, परिसर और तकनीकी उपकरणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही है।

**एंट्री-एग्जिट और ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था निजी एजेंसी को देंगे :** मेट्रो के एडवांस कंट्रोल रूम, सर्वर रूम और अन्य तकनीकी उपकरणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी जाएगी। स्टेशन और उसके बाहर क्राउड कंट्रोल के लिए स्टेट पुलिस की सेवाएं ली जाएंगी। स्टेशन पर एंट्री-एग्जिट और प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने के दौरान भीड़ को एक लाइन में खड़ा कराने की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी को देंगे।

MPMETRO

**MP METRO NEWS**

**13 APRIL 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Free Press | Indore | 13.04.2024 | 02 | Efforts on to get super corridor-3 station ready by May end | Neutral |


# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | SATURDAY | APRIL 13, 2024 02


## Efforts on to get Super Corridor-3 station ready by May end


OUR STAFF REPORTER

city.indore@fpj.co.in


Efforts to prepare the city's first metro station by the end of May have started in full swing. The work of Super Corridor-3 station in front of TCS on the Super Corridor is about to reach its final stage.

The work of building the metro viaduct and station on the super corridor is being done by Rail Vikas Nigam Limited (RVNL). Preparations are going on to start the operation of metro train on the priority corridor anytime after June-July and with this the people of the city can use this new means of public transport.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | Dainik Bhaskar | Indore | 13.04.2024 | 01 | मेट्रो का सिक्योरिटी सिस्टम: एआई से पता करें कब, कहाँ कितनी भीड़... उसी हिसाब से स्टेशनों पर तैनात होगा फ़ोर्स, | Neutral |

दैनिक भास्कर डीबी स्टार इंदौर 13-04-2024 Pg-01

हमारी सुरक्षा के लिए • सिस्टम और सर्वर सुरक्षा सीआईएसएफ के पास होगी, क्राउड कंट्रोल की जिम्मेदारी स्टेट पुलिस की

# मेट्रो का सिक्युरिटी सिस्टम : एआई से पता करेंगे कब, कहां, कितनी भीड़... उसी हिसाब से स्टेशनों पर तैनात होगी फोर्स

**इंदौर** (डीबी स्टार)

इंदौर-भोपाल मेट्रो रेल कंपनी ने अपने लिए पुख्ता सिक्युरिटी सिस्टम तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। दिल्ली-मुंबई समेत अन्य मेट्रो कंपनियों की तर्ज पर भोपाल-इंदौर में भी सीआईएसएफ, स्टेट पुलिस और निजी सुरक्षा एजेंसियों की सेवाएं ली जाएंगी। इसी साल सितंबर में भोपाल का प्रायोरिटी कॉरिडोर शुरू करने की योजना है। ये कॉरिडोर शुरू होने के बाद मेट्रो स्टेशन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर क्राउड ट्रेंड परखा जाएगा। यानी सीसीटीवी कैमरों की मदद से ये पता चला जाएगा कि किस तरह की भीड़, किस समय में और कितनी संख्या में मेट्रो स्टेशन या ट्रेन में सफर कर रही है। इसमें भीड़ का विश्लेषण बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं, स्टूडेंट्स, दंपती की संख्या के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद ही सुरक्षा के लिए जरूरी बल तैनात किया जाएगा।

## सीसीटीवी कैमरों की फीड से करेंगे एनालिसिस, सिक्युरिटी का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजने की तैयारी



**दिल्ली-मुंबई के अनुसार होगी व्यवस्था...** मेट्रो रेल कंपनी इस बारे में प्रस्ताव तैयार कर मप्र गृह विभाग को भेज रही है। यहां से स्टेट पुलिस, सुरक्षा एजेंसी समेत जरूरी प्रक्रिया पूरी की जाएंगी। एमडी मेट्रो रेल कंपनी सीबी चक्रवर्ती के मुताबिक मेट्रो रेल व परिसर की सुरक्षा दिल्ली-मुंबई में लागू व्यवस्था के अनुसार ही की जाएगी।

**▪ मेट्रो सुरक्षा की जिम्मेदारी शासन की...** साल 2019 में बनी मेट्रो रेल कंपनी में मप्र और केंद्र सरकार का हिस्सा 50-50% है। दोनों सरकारों के बीच हुए करार के तहत मप्र में मेट्रो रेल, परिसर और तकनीकी उपकरणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही है।

**एंट्री-एग्जिट और ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था निजी एजेंसी को**

मेट्रो के एडवांस कंट्रोल रूम, सर्वर रूम और अन्य तकनीकी उपकरणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी जाएगी। स्टेशन और उसके बाहर क्राउड कंट्रोल के लिए स्टेट पुलिस की सेवाएं ली जाएंगी। स्टेशन पर एंट्री-एग्जिट और प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने के दौरान भीड़ को एक लाइन में खड़ा कराने की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी को दी जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Dainik Bhaskar | Indore | 20.04.2024 | 02 | मेट्रो स्टेशन पर पार्कि के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी भी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 20-04-2024

# इंदौर फ्रंट पेज

इंदौर, शनिवार 20 अप्रैल, 2024 02

समन्वय बैठक • स्टेशन पर पानी और मूलभूत सुविधाएं होंगी, मेट्रो मीडियन लाइन भी तैयार की जाएगी

## मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी भी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

शहर में मेट्रो ट्रेन लोगों के लिए उपयोगी बने, इसके लिए मेट्रो स्टेशन पर ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं जुटाने की तैयारी है। स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के साथ मल्टीमॉडल लोक परिवहन कनेक्टिविटी और पार्किंग की सुविधाएं तैयार की जाएंगी। पार्किंग के लिए कॉर्पोरेशन ने स्टेशन के आसपास खाली जमीन के स्लॉट उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव रखा है।

शुक्रवार को मेट्रो कॉर्पोरेशन और नगर निगम के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक हुई। निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त प्रबंध संचालक मेट्रो शिवम वर्मा ने वर्तमान कार्य की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। तैयार हो रहे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं जुटाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। वर्मा ने कहा, स्टेशन जितने सुविधाजनक होंगे, मेट्रो उतनी ज्यादा उपयोगी होगी। वर्तमान कार्यों का प्रस्तुतिकरण देते हुए अधिकारियों ने समस्याएं भी रखी। स्टेशन और डिपो पर पानी और सीवरेज की निकासी का प्लान भी तैयार करने के लिए कहा गया। इसी तरह मेट्रो मीडियन लाइन भी तैयार करना है। इससे वाहन क्रॉस नहीं हो। बैठक में मेट्रो परियोजना के जीएम अजय कुमार, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**06** किमी का प्रायरिटी कॉरिडोर

**05** स्टेशन हो रहे तैयार

**17** किमी रेडिसन तक होगा पहला चरण

सितंबर तक कमर्शियल रन की तैयारी



### मल्टीमॉडल व्यवस्था करें

चर्चा के दौरान मेट्रो से उतरने के बाद अन्य जगह जाने के लिए दूसरे लोक परिवहन को भी जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की। इसके लिए मल्टीमॉडल पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इंटीग्रेटेड प्लान बनाया जाएगा। इसमें मेट्रो को सिटी बस, आई बस, ई-रिक्शा व अन्य लोक परिवहन के साधनों से जोड़ेंगे।

### एलिवेटेड स्टेशन पर जमीन वाले हिस्से में पार्किंग बनाएंगे

मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की बात भी उठी। इस पर बताया गया, एलिवेटेड स्टेशन पर जमीन वाले हिस्से में पार्किंग बन जाएगी। यह पर्याप्त नहीं होगी। स्टेशन से 100-200 मीटर दूरी पर खाली स्थान चिह्नित करके यह सुविधा तैयार करना होगी। इससे लोग अपना वाहन रखकर मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए प्रशासन जमीन उपलब्ध करवाए।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Free Press | Indore | 20.04.2024 | 4 | Verma reviews Indore Metro Work | Neutral |



# VERMA REVIEWS INDORE METRO WORK



OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Municipal Commissioner Shivam Verma, who also holds charge of additional managing director of Indore Metro, reviewed ongoing metro project at Metro office on Friday.

He was informed about the metro station under construction through a presentation.

Verma also reviewed works done at IMC level in Metro project, including water supply work at Metro stations and Metro depots, median work on the Metro route, storm water works and other works.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Free Press | Indore | 25.04.2024 | 02 | Crash barriers to come up under metro corridor | Neutral |

INDORE CITY 02

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | APRIL 25, 2024

# Crash barriers to come up under Metro corridor

**Indore:** In the first phase of the 32-km Indore Metro, the work of elevated corridor from Super Corridor to Gandhi Nagar via MR-10 to Vijay Nagar, Radisson Square and Robot Square is going on where crash barriers of 4-feet height will be constructed on both the sides at an expense of Rs 8 crore. The Indore Development Authority (IDA) will construct the crash barriers in about 8-km stretch of Super Corridor, MR-10 from Gandhi Nagar. The 5.5-km priority corridor is almost ready, where a trial run was also taken. However, work is yet to start on the portion from the airport to Gandhi Nagar. The elevated corridor is being constructed from Gandhi Nagar to MR 10, Vijay Nagar and Robot Square. Work is going on at a fast pace between Robot Square from Radisson Square. On the other hand, crash barriers are also being built in the areas where the work has been completed. These crash barriers will prevent vehicles from hitting the pillars of the metro train. A green belt will be developed under the entire metro track in between these crash barriers.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Patrika | Indore | 27.04.2024 | 2 | मेट्रो के रोड़े हटें, विजय नगर थाना टूटेगा, नोनौद में होगी पावर यूनिट | Neutral |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
Pg-II
पत्रिका patrika.com
इंदौर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

**डेढ़ घंटे मंथन: काम को गति देने एक जाजम पर अफसर, बाधाएं दूर करेगा प्रशासन, युद्ध स्तर पर होगा काम**

# मेट्रो के रोड़े हटेंगे, विजय नगर थाना टूटेगा, नैनोद में होगी पॉवर यूनिट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** मेट्रो ट्रेन के काम को गति देने के लिए शुक्रवार को टीसीएस मेट्रो स्टेशन पर अहम बैठक हुई। इसमें आला अफसरों ने सभी तरह के रोड़े हटाने का निर्णय लेकर जिम्मेदारी तय की। बैठक में बताया, विजय नगर थाना मेट्रो की जद में आ रहा है, जिसे हटाया जाएगा। मामले में पुलिस अफसरों ने जमीन देने पर सहमति जताई है। जितनी जमीन मेट्रो को लगेगी, उसके बाद बची जमीन पर कंपनी नया थाना बनाकर पुलिस को देगी। दूसरी ओर, नैनोद में आइडीए की जमीन पर मेट्रो कंपनी की एक पॉवर सप्लाय यूनिट आरएसएस बनाई जाएगी। इसके साथ ही नवंबर तक गांधी नगर से रेडीसन चौराहे के बीच का काम पूरा करने लक्ष्य तय किया है। डेढ़ घंटे चले मंथन के दौरान कई बिंदुओं पर बात हुई। मेट्रो रेल कंपनी के एमडी सीबी चक्रवर्ती शुक्रवार को इंदौर दौरे पर आए। सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर तीन पर बैठक रखी गई। इसमें बारी-बारी से हर एक मुद्दे को रखा गया। तय किया गया कि नवंबर तक गांधी नगर से रेडीसन चौराहे के बीच के ट्रेक को तैयार करना है, ताकि 17 किमी तक मेट्रो को दौड़ाया जा सके। इधर, कलेक्टर ने युद्ध स्तर पर बाधाओं को दूर करने की बात कही। बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन व अभिलाष मिश्रा, कंपनी के डायरेक्टर प्रोजेक्ट अजय शर्मा, शोभित टंडन आदि मौजूद थे।

**सरकारी महकमे के बीच समन्वय का अभाव**

शुरुआती दौर में काम की गति तेज थी, लेकिन बाधाओं के चलते कुछ दिनों से काम धीमा है। इसमें सरकारी महकमे के बीच समन्वय का अभाव भी मुद्दा था। यह बात पिछले दिनों भोपाल में हुई एक बैठक में भी सामने आई थी।



मेट्रो स्टेशन निर्माण @ सुपर कॉरिडोर

## सामने आए ये मुद्दे

- गांधी नगर चौराहे पर निजी 300 वर्गमीटर जमीन है, जो डिपो के लिए जरूरी है। उसका भू-अर्जन क्षेत्रीय एसडीएम करेंगे।
- गांधी नगर हाउसिंग सोसायटी के आठ प्लॉटधारियों का मौके से कब्जा हटाना है। इसको लेकर राजस्व का अमला फिर से सीमांकन कर कार्रवाई करेगा।
- जैतपुरा से बिजली की हेवी लाइन लाइन लाना है, जिसमें दर्जनभर पोल लगेंगे। बीच में कुछ कॉलोनाइजर व किसानों की जमीन आ रही है। संबंधित एसडीएम जमीन मालिकों से बात कर निराकरण करेंगे और मेट्रो कंपनी उन्हें मुआवजा देगी। इधर, मांगलिया से भी एक बिजली की लाइन आएगी, जिसका सप्लाय रोबोट चौराहे पर दिया जाएगा।
- नैनोद में आइडीए की जमीन पर मेट्रो कंपनी की एक पॉवर सप्लाय यूनिट आरएसएस बनेगी। वन विभाग जमीन पर दावा कर रहा है। इसका जल्द निराकरण कराया जाए।

**अफसरों ने किया मेट्रो का सफर**

बैठक के बाद में सभी अफसरों ने मेट्रो के सफर का लुत्फ भी लिया। टीसीएस स्टेशन से सवार होकर अफसर गांधी नगर डिपो तक पहुंचे और वहां से लौटकर फिर टीसीएस स्टेशन आए। सभी ने मेट्रो के अफसरों से तकनीकी जानकारी ली।

**MP METRO NEWS**
**28 APRIL 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Nai Duniya | Indore | 28.04.2024 | 05 | सितंबर में मेट्रो में सफर कर सकेंयात्री | Neutral |



# सितंबर में मेट्रो में सफर कर सकेंगे यात्री

## प्राथमिक कारिडोर 5.9 किमी ● सीआरएसए की टीम करेगी सुरक्षा जांच, फिर सुपर कारिडोर पर कमर्शियल रन

उदय प्रताप सिंह ● नईदुनिया

इंदौर : शहरवासियों को पांच माह बाद मेट्रो में यात्रा का आनंद मिल सकेगा। मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा सुपर कारिडोर पर प्राथमिक कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से पर सितंबर में कमर्शियल रन होगा। उल्लेखनीय है कि पहले दिसंबर की डेडलाइन तय की थी। इसे बदलकर अब दो माह पहले सितंबर किया गया है। प्राथमिक कारिडोर के रूट पर मेट्रो के पांच स्टेशन हैं। इससे सुपर कारिडोर पर टीसीएस, इंफोसिस, सिम्बायसिस, नरसीमोंजी में आने वाले छात्र व कर्मचारी मेट्रो में यात्रा कर पाएंगे।

फिलहाल इस रूट पर चलाने के लिए पांच मेट्रो ट्रेनें उपलब्ध हैं, लेकिन इस रूट पर मिलने वाले यातायात, कार्यालयों और अन्य संस्थानों के समय के आधार पर ही मेट्रो कोच का संचालन किया जाएगा। इस रूट पर कमर्शियल रन शुरू करने के पहले कमिश्नर आफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएसए) की टीम भी सितंबर माह में इंदौर आएगी। इस हिस्से का सेफ्टी आडिट करेगी। इसके बाद ही इस रूट पर मेट्रो का संचालन शुरू किया जाएगा।




सुपर कारिडोर पर मेट्रो का स्टेशन नंबर तीन। यहां से गांधी नगर स्टेशन के बीच होगा मेट्रो का कमर्शियल रन। ● फाइल फोटो

## कारिडोर पर मेट्रो कमर्शियल रन के लिए तय हुई नई डेडलाइन

**तीसरी बार बदली डेडलाइन**

पहले जुलाई में तय हुआ था, फिर दिसंबर और अब सितंबर



**30 सितंबर 2023 को हुआ था मेट्रो का ट्रायल रन**

रेडिसन चौराहे तक मेट्रो चलाने की डेडलाइन जनवरी 2025 से मार्च 2025 हुई

### अगस्त बाद आएंगे आठ कोच

मेट्रो के निर्माण की रफ्तार अभी थोड़ी धीमी जरूर हुई है, लेकिन प्राथमिक कारिडोर के बाद मेट्रो प्रबंधन द्वारा रेडिसन चौराहे तक मार्च 2025 तक अगले एक साल में मेट्रो के संचालन की योजना बनाई गई। वर्तमान में पांच मेट्रो कोच सेट आ चुके हैं। अगस्त के बाद एक-एक करके अन्य आठ कोच भी वड़ोदरा से आएंगे। ऐसे में रेडिसन तक मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होने तक इंदौर में मेट्रो प्रबंधन के बेड़े में 13 कोच होंगे। इसके माध्यम से मेट्रो का संचालन होगा। स्टेशन पर फनिशिंग का कार्य किया जा रहा है।



सीबी चक्रवर्ती,
एमडी मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

**शहरवासी कब तक मेट्रो में सफर कर पाएंगे?**
- प्राथमिक कारिडोर पर इसी वर्ष सितंबर और रेडिसन तक मार्च 2025 से लोग मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे।

**प्राथमिक कारिडोर तक मेट्रो चलाने के प्रोजेक्ट में देरी हो रही है ?**
- गांधी नगर व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 बेहतर स्थिति में है। इसके अलावा अन्य तीन स्टेशन भी तैयार हैं। सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 6 का कार्य ही थोड़ा पीछे है। स्टेशन पर फनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। सितंबर तक सारी तैयारी हो जाएगी।

**प्रोजेक्ट के लिए जमीन की उपलब्धता में क्या कठिनाई है?**
- जमीन के मुद्दों को हम कलेक्टर व कमिश्नर को बता चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इन्हें जल्द हल किया जाएगा।

**मेट्रो को दी गई जमीन पर गांधीनगर सोसायटी की आपत्ति है?**
- हमारे काम की जमीन हमें मिल चुकी है। जमीन के स्वामित्व के मुद्दे पर प्रशासन को निर्णय करना है।

**अंडरग्राउंड हिस्से के लिए एजेंसी कब तय होगी? क्या अभी भी रूट बदले जाएंगे?**
- प्री बिड बैठक हो चुकी है। आचार संहिता खत्म होते ही एजेंसी तय होगी। जो रूट तय है, उस पर ही निर्माण होगा।

**क्या इंदौर मेट्रो में बनाए जा रहे स्टेशनों के बीच की दूरी कम है? इससे राइडरशिप पर क्या असर होगा?**
- शहर में 900 से एक किलोमीटर की दूरी पर मेट्रो स्टेशन है। लोग 400 से 500 मीटर से ज्यादा पैदल नहीं जाना चाहते हैं। ज्यादा राइडरशिप के आधार पर मेट्रो स्टेशन तैयार किए हैं। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए स्टेशन की जगह तय की है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Free press journal | Indore | 28.04.2024 | 03 | IDA fo provide land to Indore Metro for power supply unit | Neutral |

INDORE CITY
www.freepressjournal.in INDORE | SUNDAY | APRIL 28, 2024

# IDA to provide land to Indore Metro for power supply unit

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The Indore Development Authority would provide land to Indore Metro in Nanod for development of power supply unit. The metro officials discussed the issue of land acquisition with officials of IDA and other concerned departments, on Friday.

There are some obstacles in acquiring government and private lands for Metro project and the Metro Corporation MD, the district collector and divisional commissioner reviewed the matter and also took a tour on the Metro on the priority corridor.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited MD CB Chakraborty came to Indore on Friday and had a meeting in the morning with divisional commissioner Deepak Singh, collector Asheesh Singh, additional CP Amit Singh and other officials.

At the meeting, the demolition of Rani Sarai police headquarters located at Regal, the shifting of Vijay Nagar police station along with disputes in private lands were discussed and the concerned SDM was also asked to do the process of land acquisition.

**MP METRO NEWS**

**29th April 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | इंदौर | 29.04.2024 | 03 | एयरपोर्ट वाले हिस्से मे सबसे पहले शुरू होगा भूमिगत मेट्रो लाइन का काम | Neutral |



# एयरपोर्ट वाले हिस्से में सबसे पहले शुरू होगा भूमिगत मेट्रो लाइन का काम

उदय प्रताप सिंह ● नईदुनिया

इंदौर : हाई कोर्ट तिराहे से एयरपोर्ट तक बनने वाले 8.8 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो भूमिगत रहेगी। इस हिस्से के निर्माण के लिए एजेंसी दो माह बाद आचार संहिता हटते ही तय हो जाएगी। शहर में सबसे पहले एयरपोर्ट वाले हिस्से में मेट्रो के भूमिगत हिस्से में सुरंग तैयार करने का काम शुरू होगा। इससे एयरपोर्ट को गांधीनगर स्टेशन से शुरू होने वाले मेट्रो के एलिवेटेड कारिडोर को सबसे पहले जोड़ा जाएगा।

मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. मार्च 2025 तक गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक करीब 17 किमी हिस्से में कमर्शियल रन की तैयारी में जुटा है।

- जनवरी 2026 तक रेडिसन से एयरपोर्ट तक जा सकेंगे यात्री
- 60 फीट गहराई में टनल बोरिंग मशीन सुरंग बनाएगी

ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है एयरपोर्ट का भूमिगत स्टेशन जनवरी 2026 तक तैयार हो जाएगा। ऐसे में एयरपोर्ट से मेट्रो के एलिवेटेड हिस्सा भी जनवरी 2026 तक जुड़ने से एयरपोर्ट के यात्रियों को विजय नगर व रेडिसन तक जाने की कनेक्टिविटी आसानी से मिल सकेगी। इस तरह एयरपोर्ट के जुड़ने पर मेट्रो को ज्यादा राइडरशिप मिलेगी और अधिक संख्या में यात्री मेट्रो का उपयोग कर सकेंगे।

### चार टीबीएम का होगा उपयोग

मेट्रो के भूमिगत हिस्से में सुरंग बनाने के लिए टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का उपयोग किया जाएगा। जमीन की 60 फीट गहराई में कैप्सूल जैसे स्वरूप में यह मशीन सुरंग का निर्माण करेगी। इंदौर में भूमिगत हिस्से के निर्माण के लिए चार टीबीएम का उपयोग किया जाएगा। इसमें दो मशीन एयरपोर्ट वाले हिस्से में काम शुरू करती हुई बड़ा गणपति की ओर बढ़ेंगी। बाकी दो मशीनें बड़ा गणपति चौराहे के पास सुरंग बनाती हुई हाई कोर्ट की ओर बढ़ेंगी। एजेंसी तय होने के बाद करीब आठ से दस माह में टीबीएम इंदौर पहुंचने की संभावना है।



मेट्रो के भूमिगत प्रोजेक्ट में एयरपोर्ट के पास काम शुरू करने की है योजना। ● फाइल फोटो

### यहां तैयार होंगे छह भूमिगत स्टेशन

- रेलवे स्टेशन (रीगल तिराहा)
- राजवाड़ा (निगम मुख्यालय परिसर)
- छोटा गणपति (मल्हारगंज क्षेत्र)
- बड़ा गणपति चौराहा
- रामचंद्र नगर चौराहा (बीएसएफ परिसर)
- एयरपोर्ट

### स्लोप व ट्रैवलेटर से पहुंचेंगे एयरपोर्ट तक

एयरपोर्ट के पास सुपर कारिडोर चौराहे के नीचे मेट्रो का भूमिगत स्टेशन बनेगा। यहां से एयरपोर्ट तक डेढ़ किमी की दूरी पर भूमिगत स्लोप व स्वचलित ट्रैवलेटर पर खड़े होकर यात्री आसानी से एयरपोर्ट के डिपार्चर-अराइवल गेट के पास तक पहुंच सकेंगे।

मेट्रो के भूमिगत हिस्से के लिए जल्द ही एजेंसी तय होगी। सबसे पहले एयरपोर्ट वाले हिस्से पर कार्य शुरू करने की योजना है। इससे एयरपोर्ट को मेट्रो के एलिवेटेड हिस्से से जल्द जोड़ा जाएगा। इससे रेडिसन चौराहे से एयरपोर्ट तक आने-जाने वालों को जल्द कनेक्टिविटी मिलेगी।

– शोभित टंडन, डायरेक्टर सिस्टम
मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

MPMETRO
Rail Corporation Limited